पुराने आवेदन-पत्रों की तारीख नीचे दी गई है :–

क्रम संख्या	श्रेणी	सब से पुराने आवेदन-पत्र के दर्ज किए जाने का महीना
1.	(क) महत्वपूर्ण व्यक्ति (1)	फरवरी 1971
	(ख) महत्वपूर्ण व्यक्ति (2)	अक्तूबर 1971
2.	चिकित्सा के आधार पर	फरवरी 1972
3.	रक्षा सेवाएं	फरवरी 1972
4.	सरकारी अधिकारी	अक्तूबर 1971
5.	अन्य सरकारी कर्मचारी	जुलाई 1970
6.	विशेष परिस्थितियों में	अक्तूबर 1971
7.	सामान्य	दिसम्बर, 1968

दीपावली के अवसर पर वनस्पति घी के दामों में अत्याधिक वृद्धि

2079. श्री ईश्वर चौधरी :
श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली के व्यापारियों ने दीपावली के अवसर पर मुंह मांगे दाम प्राप्त किए थे ;

(ख) क्या एक घी का टीन जिसकी कीमत 132 रुपए थी वह 264 रुपये तक बेचा गया था ; और

(ग) क्या व्यापारियों के साथ सरकार की मिलीभगत के कारण उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० शेर सिंह) : (क) और (ख) . दिल्ली प्रशासन को ऐसी कोई भी शिकायतें प्राप्त नहीं हुई थी ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

जापान से खाद्यान्न ला रहे जहाज की टक्कर

2080. श्री शिव कुमार शास्त्री: क्या **नौवहन और परिवहन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले दिनों जापान से खाद्यान्न ला रहे एक जहाज की सिंगापुर के निकट दूसरे जहाज से टक्कर हो गई;

(ख) क्या जहाज का बीमा नहीं हुआ था और क्या वह जहाज और उस में लदा सब खाद्यान्न नष्ट हो गया था; और

(ग) उक्त घटना के क्या कारण थे और इस घटना की जांच के क्या परिणाम हैं और उक्त जहाज बिना बीमा कराये हुए क्यों चल रहा था ?

नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री कमलापति त्रिपाठी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।